RAJASTHAN PATRIKA, Delhi, 23.5.2023
Page No. 3, Size:(8.84)cms X (7.25)cms.

गेल ने 'डिजिटलीकरण और साइबर सुरक्षा' विषय पर इंडस्ट्री मीट का किया आयोजन

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हुए शामिल, डिजिटल युग में चुनौतियों एवं अवसरों पर किया विचार-विमर्श

नई दिल्ली@ पत्रिका ब्यूरो. गेल (इंडिया) लिमिटेड की तरफ से सोमवार को नोएडा में 'डिजिटलीकरण और साइबर सुरक्षा' विषय पर एक इंडस्ट्री मीट का आयोजन किया गया। ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्र म में डिजिटल युग में प्रस्तुत चुनौतियों एवं अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए गेल के निदेशक (वित्त) आर के जैन ने कहा कि जैसे-जैसे डिजिटलीकरण बढ़ता है, साइबर खतरों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमलों का जोखिम भी बढ़ता रहता है। संवेदनशील व्यावसायिक डाटा, प्रचालन प्रणाली और नेटवर्क को साइबर खतरों से बचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस इंडस्ट्री मीट कार्यक्रम में सीईआरटी-इन, एनसीआईआईपीसी, आईओसीएल, ओएनजीसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल, ओआईएल, एनआरएल, डीएससीआई आदि जैसे विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया।

DAINIK JAGRAN (JAGRAN CITY), Delhi, 24.5.2023
Page No. 4, Size:(5.37)cms X (8.25)cms.

डिजिटलीकरण और साइबर सुरक्षा पर इंडस्ट्री मीट का हुआ आयोजन

इंडस्ट्री मीट में शामिल विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ • सौजन्य : आयोजक

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : नोएडा में गेल (इंडिया) लिमिटेड की ओर से मंगलवार को डिजिटलीकरण और साइबर सुरक्षा विषय पर इंडस्ट्री मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान का आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में डिजिटल युग की चुनौतियों एवं अवसर पर विचार-विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ शामिल हुए। गेल के निदेशक (वित्त) आर के जैन ने कहा कि जैसे-जैसे डिजिटलीकरण बढ़ता है, साइबर खतरों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमलों का जोखिम भी बढ़ता है। संवेदनशील व्यावसायिक डाटा, प्रचलन प्रणाली और नेटवर्क को साइबर खतरों से बचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। बता दें कि कार्यक्रम में सीईआरटी-इन, एनसीआइआइपीसी, आइओसीएल, ओएनजीसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल, ओआईएल, एनआरएल, डीएससीआइ समेत जैसे विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।